www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Aadarsh Pariksha Kendra CENTER B - Gate No 2 - Noida Sector 64 |
| Test Date | 16/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 917 782 549 557 539 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
✔ 1. 12
✘ 2. 13
✘ 3. 11
✘ 4. 15

**Q.2** निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली का संगीत कर्नाटक प्रणाली से संबंधित है?

Ans
✔ 1. कुचिपुड़ी
✘ 2. छऊ
✘ 3. कथक
✘ 4. ओडिसी

**Q.3** सचिन ने एक दुकान से ₹1,120 प्रति किताब की दर से 51 किताबें खरीदी और दूसरी दुकान से ₹905 प्रति किताब की दर से 49 किताबें खरीदी। उसने प्रति किताब औसत कीमत (₹ में) कितनी चुकाई?

Ans
✔ 1. 1,014.65
✘ 2. 1,024.65
✘ 3. 1,004.65
✘ 4. 1,029.65

**Q.4** 13%, 20% और 4% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 33.18%
✘ 2. 36.92%
✘ 3. 31.96%
✘ 4. 33.67%

www.govtjobsalert.in

Q.5 निम्नलिखित में से क्या प्रायद्वीपीय पठार के प्रमुख प्रभागों का हिस्सा नहीं है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. मध्य उच्चभूमि
2. दक्कन का पठार
3. पूर्वांचल की पहाड़ियां ✔
4. पूर्वोत्तर पठार

Q.6 2019 में, अमित की आय ₹22,000 थी। उसकी आय में प्रतिवर्ष 10% की वृद्धि होती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. 26,620 ✔
2. 22,000
3. 24,200
4. 26,400

Q.7 शिवम का वेतन ₹12,000 प्रति माह है। वह ₹4,000 घर के किराए पर और ₹1,500 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी रकम उसकी मासिक बचत है। यदि उसके जन्मदिन के महीने में, उसने अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात करें।

Ans
1. 65,000
2. 58,500
3. 71,500 ✔
4. 78,000

Q.8 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बिल्ली, उल्लू हैं।
कुछ उल्लू, चूहे हैं।
कोई चूहे, चमगादड़ नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चूहे, बिल्ली हैं।
(II) कुछ चमगादड़, बिल्ली हो सकते हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✔
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा लोक संगीत रूप महाभारत की कहानियों पर आधारित है?

Ans
1. पंडवानी ✔
2. आल्हा
3. पोवाड़ा
4. भगवती

Q.10 सहकारी समिति कानून के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसे अपराध माना जाता है?

Ans
1. साप्ताहिक बैठकें आयोजित करना
2. राष्ट्रपति निर्वाचन से दूर रहना
3. गलत जानकारी देना ✔
4. सही रिटर्न प्रस्तुत करना

www.govtjobsalert.in

Q.11 एक टॉवर जमीन पर लंबवत खड़ा है। जमीन पर एक बिंदु से, जो मीनार के पाद से 27.6 m दूर है, मीनार के शीर्ष का उन्नयन कोण 45° है। मीनार की लंबाई ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 28.6 m
2. 29.6 m
3. 27.6 m ✔
4. 26.6 m

Q.12 निम्नलिखित में से किस एक्ट द्वारा ईस्ट इंडिया कंपनी के निदेशकों की संख्या कम कर दी गई थी?

Ans
1. चार्टर एक्ट, 1853 ✔
2. चार्टर एक्ट, 1833
3. चार्टर एक्ट, 1813
4. चार्टर एक्ट, 1793

Q.13 मानव बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और 10 km पूर्व की ओर ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है फिर दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर से वह दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 4 km, उत्तर की ओर
2. 3 km, दक्षिण की ओर
3. 4 km, दक्षिण की ओर ✔
4. 3 km, उत्तर की ओर

Q.14 निम्नलिखित में से किस बैंक ने फॉरवर्ड बुक में अपनी नेट शॉर्ट पोजीशन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है, जो दिसंबर 2024 में $67.9 बिलियन से बढ़कर जनवरी 2025 के अंत तक $77.5 बिलियन हो गई है?

Ans
1. भारतीय रिजर्व बैंक ✔
2. इंडियन बैंक
3. भारतीय स्टेट बैंक
4. बैंक ऑफ इंडिया

Q.15 4 पेन और 3 नोटबुक की कीमत ₹277 है। 16 नोटबुक की कीमत, 12 पेन की कीमत से ₹144 अधिक है। 19 पेन और 15 नोटबुक की कीमत कितनी है?

Ans
1. ₹1,347
2. ₹1,348
3. ₹1,345 ✔
4. ₹1,342

Q.16 F, G का भाई है। G, H का पति है। H, I की पुत्री है। I, J का पति है। F का J से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्री के पति का पिता
2. पति का भाई
3. पुत्री के पति का भाई ✔
4. पति का पिता

Q.17 अमित ने समान राशि, साधारण और वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की। दोनों राशियों के लिए निवेश की अवधि 2 वर्ष थी और ब्याज दर भी समान थी, जो 4% वार्षिक थी। अंत में, उसे प्राप्त दोनों ब्याजों का अंतर ₹43 था। निवेश की गई राशि (₹ में) कितनी थी?

Ans
1. ₹27,225
2. ₹26,125
3. ₹26,875 ✔
4. ₹25,975

www.govtjobsalert.in

Q.18 एक व्यक्ति 1980 km, 1306 km और 540 km की दूरी क्रमशः 12 km/hr, x km/hr और 36 km/hr की चाल से तय करता है। यदि पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत चाल 14 km/hr है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 10
2. 14 ✔
3. 13
4. 19

Q.19 यदि संख्या 6753412 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बायें से दूसरे अंक तथा दायें से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 8
2. 9
3. 10 ✔
4. 11

Q.20 परिधीय तंत्रिका तंत्र में अभिवाही तंत्रिका निम्नलिखित में से किसके लिए उत्तरदायी है?

Ans
1. केवल मेरु रज्जु के स्तर पर प्रतिवर्त अनुक्रियाओं को एकीकृत करना
2. ग्राहियों से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक संवेदी सूचना प्रेषित करना ✔
3. विशेष रूप से तंत्रिप्रेषी स्राव को सुगम बनाना
4. मस्तिष्क से पेशियों तक प्रेरक कमांड पहुंचाना

Q.21 मार्च 2025 में, 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की थीम निम्नलिखित में से किस पर केंद्रित थी?

Ans
1. श्रमिक सर्वप्रथम, सुरक्षा सदैव
2. विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण है ✔
3. हर कदम पर सुरक्षा
4. सुरक्षित कारखानों का निर्माण

Q.22 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

19 B 4 D 7 B 8 C 32 D 11 B 2 = ?

Ans
1. 30 ✔
2. 22
3. 16
4. 48

Q.23 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 951 474 717 497 127 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से घटा दिया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
1. −1
2. −3
3. −2 ✔
4. 1

www.govtjobsalert.in

Q.24 एक आयत की छोटी भुजा, लंबी भुजा से 15 cm कम है। इसके क्षेत्रफल का संख्यात्मक मान इसकी परिधि के संख्यात्मक मान के 5 गुने के बराबर है। इसकी लंबी भुजा की लंबाई (cm में) कितनी है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 34
2. 27
3. 30 ✔
4. 38

Q.25 891 × 909 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 809126
2. 811716
3. 811232
4. 809919 ✔

Q.26 प्रार्थना समाज की स्थापना किसने की थी?

Ans
1. गोपाल हरि देशमुख
2. विष्णुशास्त्री पंडित
3. आत्माराम पांडुरंग ✔
4. नारायण महादेव परमानंद

Q.27 AB, केंद्र Q वाले वृत्त के लघु खंड में एक जीवा है। P दीर्घ चाप AB पर स्थित एक बिंदु है। बाह्य बिंदु D से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ AD और BD हैं। यदि $\angle APB = 39^\circ$ है, तो $\angle ADB$ की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $108^\circ$
2. $102^\circ$ ✔
3. $98^\circ$
4. $89^\circ$

Q.28 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद, भारत वैश्विक व्यापार समझौतों में अधिक सक्रिय रूप से शामिल हुआ। वैश्विक व्यापार एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए भारत 1995 में किस संगठन में शामिल हुआ?

Ans
1. UNDP
2. IMF
3. WTO ✔
4. विश्व बैंक

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. QN – VO
2. FC – KD
3. HE – NF ✔
4. KH – PI

Q.30 दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 32 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 4 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नलों को एकसाथ खोल दिया जाए, तो पूर्णतः खाली टंकी का एक-चौथाई हिस्सा भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 32
2. 24
3. 16
4. 8 ✔

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.31 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। T और Q के बीच केवल पांच लोगों की परीक्षा होती है। U की परीक्षा गुरुवार को होती है। S की परीक्षा Q की परीक्षा के ठीक बाद होती है। R की परीक्षा P की परीक्षा के ठीक बाद होती है। V और T की परीक्षाओं के बीच कितने लोगों की परीक्षा होती है?

Ans
1. दो
2. तीन
3. पांच
4. चार

Q.32 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

DJP GMS JPV MSY ?

Ans
1. BVP
2. BPV
3. PBV
4. PVB

Q.33 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ROPE' को '5391' के रूप में और 'OILY' को '2458' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'O' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 8
2. 2
3. 5
4. 3

Q.34 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

852 850 846 840 832 ?

Ans
1. 822
2. 824
3. 820
4. 826

Q.35 किस युद्ध के बाद अशोक ने बौद्ध धर्म अपना लिया?

Ans
1. पानीपत का युद्ध
2. तक्षशिला का युद्ध
3. कलिंग का युद्ध
4. तक्षशीला का युद्ध

Q.36 किस ऐतिहासिक मामले में पहली बार संवैधानिक कानून में न्यायिक समीक्षा के सिद्धांत को लागू किया गया?

Ans
1. केशवानंद भारती केस (1973)
2. मार्बरी बनाम मैडिसन (1803)
3. मिनर्वा मिल्स केस (1980)
4. मैक्कुलोच बनाम मैरीलैंड (1819)

Q.37 यदि किसी डेटा की माध्यिका उसके बहुलक से 80.32 कम है, तो डेटा की माध्यिका उसके माध्य से _____ अधिक होगी। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans
1. 40.16
2. 38.87
3. 36.56
4. 44.61

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.38 2025 में अनंत नाग को, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उनके कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?

Ans
✔ 1. कला
✘ 2. पत्रकारिता
✘ 3. लोक कार्य
✘ 4. साहित्य

Q.39 'सुरेश बनाम राज्य प्रतिनिधि पुलिस निरीक्षक मामले (मार्च 2025)' में, सर्वोच्च न्यायालय ने 'मृत्युपूर्व घोषणाओं' के संबंध में क्या निर्णय दिया?

Ans
✘ 1. मृत्युपूर्व घोषणाएं अदालत में स्वीकार्य नहीं होती हैं।
✘ 2. मृत्युपूर्व घोषणाएं सदैव विश्वसनीय होती हैं।
✘ 3. मृत्युपूर्व घोषणाएं पवित्र होती हैं और उन्हें समर्थन देने के लिए किसी साक्ष्य की आवश्यकता नहीं होती।
✔ 4. संदेहास्पद मृत्युपूर्व घोषणाओं के लिए पुष्टिकारक साक्ष्य की आवश्यकता होती है।

Q.40 पदानुक्रमित फ़ाइल सिस्टम संरचना में 'रूट डाइरैक्टरी' का क्या महत्व है?

Ans
✘ 1. यह एक विशेष डाइरैक्टरी है जिसमें आवश्यक ऑपरेटिंग सिस्टम कर्नेल फ़ाइलें होती हैं।
✘ 2. यह वह डाइरैक्टरी है जहां सभी उपयोगकर्ता-विशिष्ट फ़ाइलें संग्रहीत की जाती हैं।
✔ 3. यह फ़ाइल सिस्टम पदानुक्रम में सबसे ऊपरी डाइरैक्टरी है, जहां से अन्य सभी डाइरैक्टरी निकलती हैं।
✘ 4. यह एक अस्थायी डाइरैक्टरी है जिसका उपयोग ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा बार-बार एक्सेस की जाने वाली फ़ाइलों को कैश करने के लिए किया जाता है।

Q.41 दो धनात्मक संख्याओं a और b (जहाँ a > b) के वर्गों का योगफल उनके गुणनफल का 7 गुना है। उनके वर्गों के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\sqrt{15ab}$
✔ 2. $3\sqrt{5ab}$
✘ 3. $5\sqrt{3ab}$
✘ 4. $5\sqrt{3ab}$

Q.42 एक लम्ब वृत्तीय शंकु के आधार का व्यास और तिर्यक ऊँचाई क्रमशः 30 cm और 113 cm है। दिए गए शंकु का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें)

Ans
✘ 1. 26,375
✔ 2. 26,400
✘ 3. 26,435
✘ 4. 26,360

Q.43 रोहतांग दर्रा कहाँ स्थित है?

Ans
✘ 1. जंस्कार पर्वतमाला पर, कारगिल के पास
✘ 2. धौलाधार पर्वतमाला पर, धर्मशाला के पास
✔ 3. पूर्वी पीर पंजाल पर्वतमाला पर, मनाली के पास
✘ 4. शिवालिक पहाड़ियों पर, देहरादून के पास

Q.44 मेंडेलीव ने आवर्त सारणी किस वर्ष प्रकाशित की थी?

Ans
✘ 1. 1894
✔ 2. 1869
✘ 3. 1903
✘ 4. 1948

www.govtjobsalert.in

Q.45 पंकज, मीरा और अशोक ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹41,000, ₹39,000 और ₹84,000 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, अर्जित कुल लाभ ₹49,200 है। अर्जित कुल लाभ का 29% दान में दिया जाता है और शेष लाभ को उनके निवेश के अनुपात में आपस में बांट लिया जाता है। अशोक का हिस्सा (₹ में) कितना होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 17,892 ✔
2. 18,168 ✘
3. 17,670 ✘
4. 17,754 ✘

Q.46 भारतीय नागरिकता हेतु आवेदन करने के लिए CAA 2019 के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-से दस्तावेज़ आवश्यक नहीं हैं?

Ans
1. पासपोर्ट और वीजा ✘
2. जन्म प्रमाण पत्र ✔
3. वोटर ID ✘
4. आधार कार्ड ✘

Q.47 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) # © 2 @ @ * 1 1 $ & € 1 £ 2 # 3 1 7 7 6 3 € (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
1. 4 ✘
2. 1 ✘
3. 3 ✘
4. 2 ✔

Q.48 किस संगठन ने चेतावनी दी है कि व्यापार तनाव के कारण 2025 में वैश्विक आर्थिक विकास दर 2.3% तक धीमी हो सकती है?

Ans
1. यूएनसीटीएडी (UNCTAD) ✔
2. विश्व बैंक (World Bank) ✘
3. ओईसीडी (OECD) ✘
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ✘

Q.49 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, G के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D, E के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। A के संबंध में C का स्थान क्या है?

Ans
1. बाएं दूसरा ✘
2. बाईं ओर ठीक पड़ोस में ✔
3. बाएं तीसरा ✘
4. दाईं ओर ठीक पड़ोस में ✘

Q.50 यदि संख्या 5214637 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
1. दो ✔
2. चार ✘
3. एक ✘
4. तीन ✘

www.govtjobsalert.in

Q.51 2024 में, भारत सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए एक नया कानून बनाकर भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 को बदल दिया। इस नए कानून का नाम क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. दूरसंचार अधिनियम, 2023

✘ 2. डिजिटल संचार सुधार अधिनियम, 2024

✘ 3. भारत दूरसंचार सेवा अधिनियम, 2023

✘ 4. सूचना अवसंरचना आधुनिकीकरण अधिनियम, 2024

Q.52 एक धावक पांच दौड़ों में 5 km, 8 km, 6 km, 7 km और 9 km की दूरी तय करता है। प्रत्येक दौड़ में तय की गई औसत दूरी कितनी है?

Ans ✘ 1. 8 km

✘ 2. 5 km

✔ 3. 7 km

✘ 4. 6 km

Q.53 अनाहत सिंह ने 2025 में महिला स्क्वैश का खिताब कहाँ जीता?

Ans ✘ 1. चेन्नई इंटरनेशनल स्क्वैश टूर्नामेंट

✔ 2. मुंबई में इंडियन ओपन 2025 PSA कॉपर इवेंट

✘ 3. चेन्नई में SRFI इंडियन टूर PSA चैलेंजर टूर्नामेंट

✘ 4. दिल्ली में इंडियन ओपन 2025 PSA गोल्ड इवेंट

Q.54 34 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 17 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि अथवा लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. $50\%$ लाभ

✘ 2. $\frac{100}{17}\%$ लाभ

✘ 3. $\frac{100}{17}\%$ हानि

✔ 4. $50\%$ हानि

Q.55 76 घंटे और 7 दिन का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans ✘ 1. 22 : 43

✘ 2. 21 : 48

✘ 3. 76 : 7

✔ 4. 19 : 42

www.govtjobsalert.in

Q.56 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

www.govtjobsalert.in

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| संख्या/ प्रतीक | 6 | % | 8 | 5 | $ | & | 3 | @ | # | 7 | + | 4 | 9 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | S | E | A | J | L | F | W | Q | D | P | R | B | U | T |

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

@ 4 8 5

Ans
1. QBBJ
2. JBAQ
3. QBAJ
4. QAAJ

Q.57 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। V की परीक्षा मंगलवार को होती है। V और P के बीच ठीक 2 लोगों की परीक्षा होती है। S की परीक्षा T से ठीक पहले होती है, और Q की परीक्षा R के ठीक बाद होती है। T और R के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा होती है। S से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
1. 3
2. 1
3. 4
4. 2

Q.58 तीन संख्याएँ 1 : 9 : 7 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 6930 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 110
2. 116
3. 109
4. 101

Q.59 जब हम रसोई में गैस स्टोव के निकट जलती हुई माचिस लाते हैं और गैस स्टोव का नॉब चालू करते हैं, तो किस प्रकार का दहन होता है?

Ans
1. तीव्र दहन
2. स्वतः दहन
3. मंद दहन
4. विलंबित दहन

Q.60 आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 (2021 के आंकड़े) के अनुसार, भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है?

Ans
1. 70%
2. 55%
3. 65%
4. 60%

Q.61 यदि '+' का अर्थ 'घटाना' है, '−' का अर्थ 'गुणा' है, '×' का अर्थ 'भाग' है और '÷' का अर्थ 'जोड़ना' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

www.govtjobsalert.in

96 × 6 − 8 ÷ 71 + 26 = ?

Ans
1. 194
2. 186
3. 181
4. 173 ✔

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
UNP SLN QJL OHJ ?

Ans
1. MEH
2. MFG
3. MFH ✔
4. MEG

Q.63 4 से 6 मार्च 2025 तक बर्लिन में कौन-सा प्रमुख पर्यटन मेला आयोजित किया गया?

Ans
1. आईटीबी बर्लिन (ITB Berlin) ✔
2. यूरोपीय ट्रेवेल मार्केट (European Travel Market)
3. विश्व पर्यटन मंच (World Tourism Forum)
4. बर्लिन ट्रैवल एक्सपो (Berlin Travel Expo)

Q.64 'मध्य प्रदेश राज्य बनाम बलवीर सिंह' (24 फरवरी 2025) मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार, 'बाल गवाहों' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

Ans
1. यदि किसी बच्चे की गवाही में कोई मामूली असंगति हो तो अदालतों को उसे अस्वीकार कर देना चाहिए।
2. यदि बच्चे का साक्ष्य स्वैच्छिक, विश्वसनीय और अप्रशिक्षित पाया जाता है तो वह स्वीकार्य है। ✔
3. किसी बाल गवाह की गवाही तब तक स्वीकार्य नहीं होती जब तक कि उसकी पुष्टि किसी वयस्क द्वारा न की गई हो।
4. साक्ष्य अधिनियम के तहत अदालत में गवाह बनने हेतु व्यक्ति के लिए एक न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है।

Q.65 सिस्टम सेटिंग्स बदलने के लिए, कौन-सा कीबोर्ड शॉर्टकट विंडोज 11 ओएस सेटिंग्स मेनू ओपन करता है?

Ans
1. विंडोज़ कुंजी +S
2. विंडोज़ कुंजी +I ✔
3. Ctrl + Shift + Esc
4. Alt + Tab

Q.66 एक विक्रेता अपने माल पर क्रय मूल्य से 28% अधिक मूल्य अंकित करता है। ग्राहक की मांग पर, वह बिलों पर 25% की छूट देता है। विक्रेता को कितने प्रतिशत लाभ या हानि होती है?

Ans
1. 6% हानि
2. 7% हानि
3. 4% हानि ✔
4. 1% लाभ

Q.67 होम रूल आंदोलन की मुख्य मांग क्या थी?

Ans
1. ब्रिटिश शासन से पूर्ण स्वतंत्रता
2. ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर स्वशासन ✔
3. करों का उन्मूलन
4. भारत में सभी पश्चिमी शिक्षा पर प्रतिबंध

www.govtjobsalert.in

Q.68 यदि a : b :: b : c ; c = 4a तथा b = 10 है, तो c का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 25
2. 20 ✓
3. 24
4. 21

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

273 224 180 141 107 ?

Ans
1. 73
2. 61
3. 90
4. 78 ✓

Q.70 यदि आप विंडोज़ ओएस में USB फ्लैश ड्राइव से कोई फ़ाइल डिलीट करते हैं, तो क्या होता है?

Ans
1. यह एक हिडन फ़ाइल बन जाती है।
2. यह तुरंत स्थायी रूप से डिलीट हो जाती है। ✓
3. यह रीसायकल बिन (Recycle Bin) में चली जाती है।
4. यह कंप्रेस हो जाती है, जिससे स्पेस बचता है।

Q.71 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(15, −6, 3)
(43, 582, 25)

Ans
1. (50, 47, 10)
2. (19, 234, 16)
3. (31, 327, 19)
4. (45, 99, 12) ✓

Q.72 SS 14 एक निश्चित तरीके से WP −4 से संबंधित है। उसी तरह CE 10, GB −8 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, QG 1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. IJ −21
2. NR −23
3. UM −19
4. UD −17 ✓

Q.73 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : DTF :: URQ : %

Ans
1. # = CQG, % = VUP ✓
2. # = DSG, % = VWM
3. # = CPH, % = UPN
4. # = DTU, % = VWP

www.govtjobsalert.in

Q.74 $\sqrt{212+\sqrt{139+\sqrt{900}}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 12
2. 15 ✔
3. 25
4. 20

Q.75 भारतीय संविधान के बयालीसवें संशोधन को सामान्यतः किस नाम से जाना जाता है?

Ans
1. मुख्य विधेयक (Major Bill)
2. लघु-संसद (Mini-Parliament)
3. लघु-संविधान (Mini-Constitution) ✔
4. संवैधानिक मार्गदर्शिका (Constitutional Guide)

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य चारों ओर से स्थलरुद्ध है तथा किसी अंतर्राष्ट्रीय सीमा को स्पर्श नहीं करता है?

Ans
1. छत्तीसगढ ✔
2. राजस्थान
3. उत्तर प्रदेश
4. असम

Q.77 उस बिंदु का नाम क्या है जहां भारत, चीन और म्यांमार मिलते हैं?

Ans
1. दीफू दर्रा (Diphu Pass) ✔
2. अंजॉ बिंदु (Anjaw Point)
3. त्रि-जंक्शन दर्रा (Tri-Junction Pass)
4. किबिथू (Kibithu)

Q.78 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : LIN :: DAF : %

Ans
1. # = PLQ, % = MHU
2. # = PBG, % = DER
3. # = POQ, % = ALK
4. # = OLQ, % = AXC ✔

Q.79 अप्रैल 2025 में, DRDO और भारतीय सेना ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से किस मिसाइल प्रणाली के चार उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए?

Ans
1. मीडियम-रेंज सरफेस-टु-एयर मिसाइल (MRSAM) ✔
2. ब्रह्मोस
3. नाग
4. आकाश

Q.80 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CX-GB-KF
GB-KF-OJ

Ans
1. WR-AV-EZ ✔
2. PK-TO-WS
3. LG-PK-SO
4. FA-JE-NJ

www.govtjobsalert.in

Q.81 कलिंग का युद्ध अशोक द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के किस वर्ष लड़ा गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 273 ई.पू.
2. 261 ई.पू.
3. 240 ई.पू.
4. 250 ई.पू.

Q.82 द्विघात समीकरण $x^2 + 3x + k = 0$ का विविक्तकर 9 के बराबर है। k का मान क्या है?

Ans
1. 0
2. 1
3. −1
4. 2

Q.83 पानी की एक टंकी को समान क्षमता के 43 पाइपों का उपयोग करके 40 मिनट में भरा जा सकता है। यदि दी गई समान क्षमता के 9 पाइपों का उपयोग किया जाए, तो पानी की टंकी कितने मिनट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) में भर जाएगी?

Ans
1. 196.95
2. 191.11
3. 189.13
4. 200.02

Q.84 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। R, S के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A और R के बीच में केवल T बैठा है। C, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के दाएं से गिनने पर D और R के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. एक
3. चार
4. दो

Q.85 25-27 अप्रैल 2025 तक विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय बैठक 2025 कहाँ आयोजित होगी?

Ans
1. हैदराबाद
2. नई दिल्ली
3. बेंगलुरु
4. मुंबई

Q.86 शानू के घर से कार्यालय तक की दूरी 5 km है। सुबह वह इस दूरी को 1 घंटे में तय करता है जबकि शाम को घर लौटते समय उसे इसी दूरी को तय करने में 30 मिनट अधिक लगते हैं। दो-तरफ़ा यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5
2. 4
3. 5.5
4. 4.5

Q.87 भारत में समय के साथ अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों के महत्त्व के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

Ans
1. प्राथमिक → द्वितीयक → तृतीयक
2. तृतीयक → प्राथमिक → द्वितीयक
3. द्वितीयक → प्राथमिक → तृतीयक
4. तृतीयक → द्वितीयक → प्राथमिक

www.govtjobsalert.in

Q.88 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans ✗ 1. BU – GK
✓ 2. TN – YC
✗ 3. YR – DH
✗ 4. MF – RV

Q.89 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'ROME' को '7245' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TURN' को '5689' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में, 'R' के लिए कूट क्या है?

Ans ✗ 1. 2
✗ 2. 9
✗ 3. 7
✓ 4. 5

Q.90 कंप्यूटर पर अपनी फ़ाइलों को व्यवस्थित रखने का अच्छा तरीका क्या है?

Ans ✗ 1. फ़ोल्डर्स को नियमित रूप से हटाएँ
✓ 2. विभिन्न प्रकार की फ़ाइलों के लिए अलग-अलग फ़ोल्डर्स का उपयोग करें
✗ 3. सब कुछ एक ही फ़ोल्डर में स्टोर करें
✗ 4. फ़ाइल के नाम हर दिन बदलें

Q.91 प्रेक्षण 31, 40, 74, 47, 14, 44, 46, 29, 36, 97 और 87 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans ✗ 1. 46
✗ 2. 47
✓ 3. 44
✗ 4. 40

Q.92 एमएस पावरपॉइंट में, टेक्स्ट बॉक्स के अंदर टाइप करते समय कोई नई लाइन प्रारंभ करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी कुंजी दबानी चाहिए?

Ans ✓ 1. Enter
✗ 2. Tab
✗ 3. Spacebar
✗ 4. Shift

Q.93 बैंकिंग सुधार 1991 के आर्थिक सुधारों का हिस्सा थे। निम्नलिखित में से किस समिति ने 1991 में बैंकिंग क्षेत्र के उदारीकरण की अनुशंसा की थी?

Ans ✗ 1. सुरेश तेंदुलकर समिति
✗ 2. रंगराजन समिति
✗ 3. केलकर समिति
✓ 4. नरसिम्हम समिति

www.govtjobsalert.in

Q.94 1.222... का समतुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. $\frac{5}{2}$
✓ 2. $\frac{11}{9}$
✗ 3. $\frac{7}{18}$
✗ 4. $\frac{10}{11}$

www.govtjobsalert.in

**Q.95** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। Q की परीक्षा बुधवार को है। T और U के बीच केवल 4 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा सोमवार को नहीं है। R की परीक्षा S से ठीक पहले है और V की परीक्षा S के ठीक बाद है। P की परीक्षा T से ठीक पहले है। P और R के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 1
- ✓ 4. 2

**Q.96** सचदेव बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 9 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✗ 1. 7 km, उत्तर की ओर
- ✓ 2. 5 km, उत्तर की ओर
- ✗ 3. 6 km, उत्तर की ओर
- ✗ 4. 4 km, उत्तर की ओर

**Q.97** 1908 का अलीपुर बम कांड किस भारतीय क्रांतिकारी से सम्बंधित है?

Ans
- ✗ 1. खुदीराम बोस
- ✗ 2. जतिन दास
- ✗ 3. भगत सिंह
- ✓ 4. अरबिंदो घोष

**Q.98** निम्नलिखित में से कौन-सा, फरवरी 2025 के दौरान संसद में पेश किए गए नए आयकर विधेयक में परिवर्तन नहीं है?

Ans
- ✗ 1. संदर्भ की सुविधा के लिए तार्किक रूप से अनुभागों का पुनर्गठन
- ✗ 2. बेहतर नेविगेशन के लिए अनावश्यक और दोहराव वाले प्रावधानों को हटाना
- ✓ 3. निरंतरता और प्रयोज्यता सुनिश्चित किए बिना मौजूदा कराधान सिद्धांतों को हटाना
- ✗ 4. पठनीयता बढ़ाने के लिए जटिल भाषा का उन्मूलन

**Q.99** साधारण ब्याज पर, एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष में ₹1,300 तथा 4 वर्ष में ₹2,100 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 85%
- ✓ 2. 80%
- ✗ 3. 90%
- ✗ 4. 75%

**Q.100** एक सम अष्टभुज के विकर्णों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 24
- ✓ 2. 20
- ✗ 3. 19
- ✗ 4. 21

www.govtjobsalert.in